बैकयार्ड कुक्कुट पालन द्वारा उद्यमिता विकास हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 16–20 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता डॉ. राजेश शर्मा के निर्देशन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे की अगुवाई एवं सिंजेंटा फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से मुर्गीपालन उधमियो हेतु पांच दिवसीय कुक्कट पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन डॉ. आर.पी. नेमा द्वारा ग्रामीण मुर्गी पालन विषय तथा मुर्गी आवास व्यवस्था विषय पर डॉ. लक्ष्मी चौहान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे

दिन मुर्गियों की नस्लों के बारे में डॉ. एस.एस. तोमर, मुर्गी आहार के बारे में डॉ. अंकुर खरे, मुर्गी के टीकाकरण के बारे में डॉ. आर.पी. नेमा एवं हेचरी प्रबंधन विषय पर डॉ. गिर्राज गोयल ने व्याख्यान दिया। तीसरे दिन डॉ. बृजेश सिंह कुक्कुट रोग और निदान, डॉ. हरी आर द्वारा शासकीय मुर्गीपालन योजनाओं, डॉ. आर पी नेमा द्वारा टीकाकरण, डॉ. अंजु नायक द्वारा कुक्कुट रोग की पहचान एवं डॉ. अनिल शिंदे ने मुर्गी के टीकाकरण, एवं मुर्गी आहार निर्माण विषयो पर व्याख्यान दिया। आगामी दो दिनों में मुर्गियों में कृत्रिम गर्भाधान, मुर्गियो की अभिजनन विधियां, कुक्कुट पालन के आवश्यक दस्तावेजों का रखरखाव इत्यादि विषयो पर व्याख्यान होने वाले है। इस प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों धार झाबुआ, मंडला डिंडोरी सागर विदिशा से आए लगभग 25 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हे। यह प्रशिक्षण सिंजेंटा फाउंडेशन एवम नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर